>

Title: Need to provide assistance for construction of dams to check the occurrence of floods in Bansgaon Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): सभापति महोदय, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वांचल में बाढ़ की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जिस जनपद से मैं आता हूं, मेरा लोक सभा क्षेत्र दो जिलों में पड़ता है, जोरिया और गोरखपुर जिसमें चौरीचोरा, बरहज, रुद्रपुर, बांसगाव विधान सभा क्षेत्र आते हैं और दुर्भाग्य से पांचों विधान सभा क्षेत्र बाढ़ क्षेत्र माने जाते हैं। प्रति वर्ष बाढ़ आने की वजह से वहां की सड़कें पूरी तरह से खराब हो जाती हैं, उखड़ जाती हैं। मेरे कई बार मांग करने के बावजूद भी चाहे इससे पहले बसपा की सरकार रही हो या समाजवादी पार्टी की सरकार रही हो, मैं आपसे मांग करता हूं कि जो एनएच-29 की स्थिति खराब है, जहां गाड़ियां नहीं जा सकतीं, लोग पैदल नहीं जा सकते, मेन सड़क को छोड़कर पगडंडियों से लोग जा रहे हैं। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है और उसके साथ साथ कई गांव ऐसे हैं जो बाढ़ में विलीन हो गये हैं। मेरे क्षेत्र में सड़क नहीं रह गई है और उसी स्थिति में जो गरीब लोग बाढ़ की चपेट में आए हैं, उन्हें घर गिरने के नाम पर मात्र 3500 रुपये दिये जा रहे हैं। मैं बताना चाहता हूं कि इतने पैसे से कोई छोटा-मोटा छप्पर भी नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि इस राशि को बढ़ाकर एक उपयुक्त पर्याप्त राशि दी जाए जिससे वे अपना आशियाना बना सकें। आपने मुझे समय दिया , इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)